दैनिक भास्कर 18/02/2023

# शिक्षा सामाजिक परिवर्तन का सर्वोत्तम साधन : मनजीत



**अम्बाला** | जीएमएन कॉलेज में राष्ट्रीय संगोष्ठी के दूसरे दिन की शुरुआत प्रिंसिपल डॉ. रोहित दत्त के भाषण से हुई। तृतीय तकनीकी सत्र के संसाधन व्यक्ति राजकीय फर्स्ट ग्रेड कॉलेज बेंगलुरु के भाषा संपादक नेक प्रोफेसर शेषगिरी ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 वर्तमान समय में पूर्णतः अनुकूल है। चौथे तकनीकी सत्र के मुख्य वक्ता प्रो. मनजीत सिंह, पूर्व कुलसचिव, पंजाब तकनीकी विश्वविद्यालय पटियाला ने कहा कि इस नवीन शिक्षा नीति में जो प्रतिमान निर्धारित किए हैं वह युवाओं में एक विशेष दक्षता को स्थापित करेगी। अंतिम चरण में डॉ. मनजीत सिंह ने कहा कि शिक्षा सामाजिक परिवर्तन का सबसे सर्वोत्तम साधन है। डॉ. रवनीत कौर ने संगोष्ठी के विषय की सार्थकता को संक्षिप्त रिपोर्ट के माध्यम से प्रस्तुत किया। संयोजक सदस्यों में डॉ. कुलदीप यादव, डॉ. रवनीत कौर, डॉ. अमिता, डॉ. राकेश कुमार, डॉ. ज्योति, डॉ. तृप्ति शर्मा और श्याम रहेजा रहे।